

मालवीय वाणी

सुख का विश्लेषण करते हुए मालवीयजी ने बताया है, (१) मनुष्य भले बुरे जितने कर्म करता है, अपने सुख के लिए ही करता है, (२) सुख उसके उद्देश्य और अभिलाषाओं की पूर्ति में मिलता है, (३) उद्देश्य और अभिलाषाएं जितनी ही ऊँची हों, उतना ही अधिक सच्चा और चिरस्थायी सुख मिलता है।''इस तरह'' सच्चे सुख का अनुभव वही मनुष्य करता है, जिसके चित्त में उत्कृष्ट अभिलाषाएं और उद्देश्य हों और जो उनकी पूर्ति के लिए दृढ़तापूर्वक यत्न करता रहे। ''उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निकृष्ट व्यक्ति भी देशोपकार और परोपकार के मार्ग का अनुसरण कर अपने चित्त को निर्मल बना सकते हैं, तथा उच्च उद्देश्य और अभिलाषा से उसे समन्वित कर सकते हैं। उन्होंने सबसे अनुरोध किया कि वे 'प्रण' करें कि वे जितने कार्य करेंगे, उनमें उनका मुख्य उद्देश्य अपने भाईयों के क्लेशों को दूर करना और उनकी यथाशक्ति सेवा करना होगा।''